**प्रेस नोट - दिनांक 26.05.2025**

**थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव।**

# थाना गंगाघाट क्षेत्रान्तर्गत मनोहर नगर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के जाली आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र बनवाने में सहयोग करने वाला पूर्व सभासद गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा थाना गंगाघाट क्षेत्रान्तर्गत मनोहर नगर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के जाली आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र बनवाने में सहयोग करने वाले पूर्व सभासद को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 22.05.2025 को उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव द्वारा थाना गंगाघाट पर सूचना दी गई कि गंगा किनारे स्थित झोपड़ पट्टी में कुछ लोग रहते है जो स्थानीय भाषा नहीं बोल रहे है। जब झोपड पट्टी मे रहने वाले लोगो को बुलाया गया तो झोपड पट्टी से 2-3 महिलाये निकल कर आई। महिलाओ से उनके बारे में जानकारी की गई तथा आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज मांगे गये तो नहीं दिखा सकी। पूछताछ में उक्त महिलाओं द्वारा बताया गया कि हम लोग म्यामांर के रहने वाले है। वहां से हम लोग असम के रास्ते कानपुर आये और यहां पर शुक्लागंज में गंगा नदी के किनारे झोपड पट्टी बनाकर अपने परिवार के साथ रहने लगे। उक्त लोगो के पास भारत में आने व यहां रहने का कोई प्रपत्र नहीं मिला है। महिलाओ से उनके व परिवार के सदस्यो के बारे में जानकारी की गई तो बताया कि हमारे परिवार में कुल 10 लोग रहते है जिनके नाम क्रमश 1. मो0 साहिल 2. अनवर 3. हवीबुल्ला 4. असमत पुत्रगण याहियां 5. रोहिमा बेगम पत्नी याहियां 6. याहियां पुत्र अब्दुल मुनाव 7. सिनवारा बेगम पत्नी जुनैद 8. जुनैद पुत्र अहमद 9. अजीदा पत्नी मो0 साहिल 10. नूरकायदा पत्नी अनवर निवासीगण मो0 सिद्दरफारा मोगंडो सिटी जिला बुसीडोंग म्यामांर के रहने वाले है तथा हमारे साथ हमारे बच्चे भी है। उक्त सूचना के आधार पर थाना गंगागाट पर मु0अ0सं0

295/2025 धारा 14/14क(ख) विदेश अधिनियम 1946 बनाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान मुकदमा उपरोक्त में धारा 338, 336(3), 318(4) BNS तथा 14क(ख), 14(ग) विदेशी अधिनियम 1946 की बढोत्तरी की गई तथा दिनांक 25.05.2025 को अभियुक्ता 1. अजीदा पत्नी मो0 साहिल, 2. सिनवारा बेगम पत्नी जुनैद, 3. नूर कायदा पत्नी अनवर निवासीगण मो0 सिद्दरफारा मोगंडो सिटी जिला बुसीडोंग म्यामांर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया की उपरोक्त लोगो के जाली आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाने में तत्कालिन सभासद शहजादे पुत्र वहीद निवासी मोहल्ला मनोहर नगर थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 45 वर्ष द्वारा उनका सहयोग किया गया था। आज दिनांक 26.05.2025 को उ0नि0 मान सिहं मय हमराह फोर्स द्वारा थाना गंगाघाट क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला मनोहर नगर में अवैध रुप से रह रहे विदेशी नागरिकों के जाली आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र बनवाने में सहयोग करने वाले पूर्व सभासद शहजादे उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.शहजादे पुत्र वहीद निवासी मोहल्ला मनोहर नगर थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 45 वर्ष

## गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 मान सिंह
2.का0 रजनीश यादव
3.का0 विश्वजीत भारती



UNNAO POLICE

**प्रेस नोट - दिनांक 26.05.2025**

**थाना माखी, जनपद उन्नाव।**

## पुलिस मुठभेड़ मे 02 शातिर लुटेरे गिरफ्तार

## लुटरों के कब्जें से एक अवैध तमंचा 315 बोर एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, घटना में प्रयुक्त टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल व लूटे हुये 12,300/- रुपये बरामद

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी सफीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्वाट, सर्विलांस व थाना माखी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ में 02 शातिर लुटरों को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 17.05.2025 को रामसजीवन यादव पुत्र इन्द्रपाल यादव उम्र करीब 71 वर्ष निवासी ग्राम जंगलीखेड़ा थाना माखी जनपद उन्नाव जो अपनी भतीजी की शादी में थाना माखी क्षेत्रान्तर्गत स्थित चौहान गेस्ट हाउस के बाहर गेट पर एक बैग लेकर खड़े थे जिसमें कुछ नगदी होना बताया गया था, तभी अपाचे बाइक सवार दो अज्ञात युवक उनसे नकदी से भरा बैग छीनकर भाग गये थे। सूचना पर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व थाना माखी पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पुहंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। घटना उपरोक्त के संदर्भ में थाना माखी पर मु0अ0सं0 181/25 धारा 309(4) बीएनएस बनाम बाइक सवार दो व्यक्ति अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 25.05.2025 को समय करीब 21.30 बजे स्वाट, सर्विलांस व थाना माखी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना माखी क्षेत्रांतर्गत भीमेश्वर मंदिर से रामसिंह खेड़ा जाने वाले मार्ग पर चेकिंग की जा रही थी तभी मोटरसाइकिल सं0 UP35 BP 5722 को चेकिंग हेतु रोका गया तो उसके चालक द्वारा भागने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा पीछा किया गया तो मोटरसाइकिल पर बैठे 02 अज्ञात व्यक्ति गाड़ी से उतर कर फायरिंग करने लगे आत्मरक्षार्थ पुलिस मुठभेड़ में एक व्यक्ति घायल

हो गया, जिसके पैर में गोली लगी है तथा एक अन्य को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाश को इलाज हेतु CHC मियागंज भेजा गया है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना नाम 1.ऋषभ पुत्र नवरंग सिंह उम्र करीब 25 वर्ष (घायल) 02.कल्लू उर्फ विजय पुत्र मुकेश उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण ख्वाजगीपुर करोवन थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव बताया गया। जिनके द्वारा दिनांक 17.05.2025 को थाना माखी क्षेत्रान्तर्गत चौहान गेस्ट हाउस के पास हुई लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया गया है। मौके से 01 तमंचा 315 बोर, 01 तमंचे में फंसा हुआ कारतूस, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल UP 35 BP 5722 टीवीएस राइडर एवं लूट के 12,300/- रुपये बरामद किये गये है बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी गयी। मुठभेड़ व अवैध शस्त्र बरामदगी के सन्दर्भ में थाना माखी पर मु0अ0सं0 196/25 अन्तर्गत धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01.ऋषभ पुत्र नवरंग सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ख्वाजगीपुर करोवन थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव

02.कल्लू उर्फ विजय पुत्र मुकेश उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ख्वाजगीपुर करोवन थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव

**बरामदगी -** एक अवैध तमंचा 315 बोर एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, घटना में प्रयुक्त टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल व लूटे हुये 12,300/- रुपये बरामद

## गिरफ्तार करने वाली थाना माखी पुलिस टीम-

1.SO संदीप कुमार मिश्रा
2.उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह
3.उ0नि0 सुरेश यादव
4.हे0का0 मिथलेश यादव
5.हे0का0 सौरभ मिश्रा
6.हे0का0 कृष्णकिशोर सिंह
7. का0 करुण यादव
8. का0 ध्रुवचन्द्र
9. का0 आलोक
10. का0 संजय

## स्वाट टीम

1.प्रभारी स्वाट टीम निरी0 श्री जयप्रकाश यादव

2.उ0नि0 श्री ज्ञान सिंह

3.मु0आ0 आशीष मिश्रा

4.मु0आ0 सत्येन्द्र कुमार

5.आ0 रवी

6.आ0 विकाश भदौरिया

7.आ0 गौरव चौधरी

8.आ0 हरीश कुमार

9.आ0 नितीश यादव

10.आ0 यशवीर

11.आ0 शुभम तोमर।

## सर्विलांस टीम-

1.प्रभारी सर्विलांस उ0नि0 श्री निखलेश कुमार

2.का0 शुभम तोमर

3.का0 प्रशांत बालियान

4.का0 विवेक

5.का0 अरुण कुमार

**प्रेस नोट - दिनांक 26.05.2025**

**थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव ।**

UNNAO POLICE

## शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, कब्जें से चोरी की गई बाइक बरामद

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा चोरी की बाइक के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 26.05.2025 को उ0नि0 रविशंकर पाण्डेय मय हमराह फोर्स द्वारा चेकिंग के दौरान भातू फार्म से ठाकुरखेडा की ओर आने वाले रास्ते पर थाना गंगाघाट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 304/2025 धारा 303(2)/317(2) BNS से सम्बन्धित चोरी की हुई अपाचे मो0सा0 नम्बर UP 35 AR 2613 के साथ एक नफर अभियुक्त रईश पुत्र अनीश निवासी कंचन नगर छः खम्भा शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रईश पुत्र अनीश निवासी कंचन नगर छः खम्भा शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 25 वर्ष

**बरामदगी –** टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 मोटरसाइकिल नं0 यू0पी0 35 A R 2613

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त रईश उपरोक्त –**

1. मु0अ0सं0 369/2016 धारा 380/411/457 भादवि थाना गंगाघाट, उन्नाव
2. मु0अ0सं0 370/2016 धारा 411/414 भादवि थाना गंगाघाट, उन्नाव
3. मु0अ0सं0 304/2025 धारा 303(2)/317(2) BNS थाना गंगाघाट, उन्नाव

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 रविशंकर पाण्डेय
2. का0 मुकेश कुमार
3. का0 आकाश तोमर



UNNAO POLICE

**प्रेस नोट - दिनांक 26.05.2025**

**थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव ।**

## 02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जें से चोरी की 03 मोटरसाइकिल, 02 स्कूटी व एक ई-रिक्शा बरामद

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा चोरी की 03 मोटरसाइकिल, 02 स्कूटी व एक ई-रिक्शा बरामद कर 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 25.05.2025 को वादी मुकदमा जितेन्द्र सिंह पुत्र विजय पाल सिंह नि0 खजुरिया बाग थाना कोतवाली सदर उन्नाव की तहरीरी सूचना दी गई कि अज्ञात चोरो द्वारा वादी की स्कूटी रजिस्ट्रेशन नं0 यू0पी0 यूपी 35 ए0एन0 4258 कलर ग्रे को चोरी कर लिया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 0398/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। तथा वादी मुकदमा श्री कपिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश नि0 अमरसस पो0 कोरारी कलां उन्नाव हाल पता कुद्दूखेडा थाना कोतवाली सदर उन्नाव की तहरीरी सूचना बावत अज्ञात चोरो द्वारा वादी की मोटर साइकिल यूपी 35 ए0सी0 3685 को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 0399/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दिनांक 25/26.05.2025 को रात्रि में प्रा0नि0 थाना कोतवाली श्री अवनीश कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/चेकिंग के दौरान पीडी नगर मोड़ से 100 मीटर अन्दर निराला नगर तिराहे पर 02 अभियुक्तगण 01.शिवा बाथम पुत्र गुड्डू बाथम नि0 ब्लाक न0 17 काशीराम कालोनी कमरा न0 13 थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र 20 वर्ष 02. आर्यन पुत्र पप्पू राजपूत उम्र 19 वर्ष नि0 नबाबगंज गाँधीनगर थाना अजगैन जनपद उन्नाव को गिरफ्तार किया गया। जिनकी निशादेही पर 02 स्कूटी, 03 मोटरसाइकिल व 01 ई-रिक्शा बरामद किया गया । अभियुक्तगणों से गहनता से पूछताछ की गयी तो दोनो अभियुक्तो द्वारा बताया कि हम लोगो द्वारा यह वाहन जनपद उन्नाव व कानपुर के विभिन्न स्थानों से चोरी किये गये है तथा आज इन सभी वाहनों को बेचने के लिए जा रहे थे। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 400/25 धारा 317(2)/317(4)/317(5)बीएनएस पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01.शिवा बाथम पुत्र गुड्डू बाथम नि0 ब्लाक न0 17 काशीराम कालोनी कमरा न0 13 थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र 20 वर्ष।

02. आर्यन पुत्र पप्पू राजपूत उम्र 19 वर्ष नि0 नबाबगंज गाँधीनगर थाना अजगैन जनपद उन्नाव।

## बरामदगी का विवरण-

1.स्पेलेण्डर आई स्मार्ट न0 UP 35 AC 3685 चेचिस न0 MBLHA12ACE9M03306 इंजन न0 HA12EME9M03074

2.पैशन प्रो न0 UP 35 S 4297 चेचिस नं0 MBLHA10EWBHN36575 इंजन नं0 HA10 ED BHL38083

3.मोटरसाइकिल ग्लैमर नं0 UP 78 DR 1694 के, चेचिस नं0 MBLJA06EGK02341 इंजन नं0 JA06EJEGK02956

4.स्कूटी UP 35 AN 4258 एक्टिवा चेचिस नं0 ME4JF507GH8109729 इंजन नं0 JF50E85109659

5.स्कूटी एक्टिवा UP78EN 7438 रंग सफेद चेचिस नं0 ME4JF505KGT863099 इंजन नं0 JF50ET3864262

6.ई रिक्शा जिसका नम्बर प्लेट नहीं है व रंग सफेद चेचिस नं0 M5PHCRBRU24A030223 इंजन नं0 HCIM30223

## आपराधिक इतिहासः- आर्यन पुत्र पप्पू

मु0अ0सं0 232/24 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस थाना अजगैन जनपद उन्नाव

मु0अ0सं0 377/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना अजगैन जनपद उन्नाव

मु0अ0सं0 226/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना हसनगंज जनपद उन्नाव

मु0अ0सं0 398/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली सदर

मु0अ0सं0 399/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली सदर

मु0अ0सं0 127/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना दही उन्नाव

मु0अ0सं0 400/25 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस थाना कोतवाली सदर

## आपराधिक इतिहासः- शिवा बाथम

मु0अ0सं0 354/22 धारा 60 Ex Act थाना कोतवाली सदर

मु0अ0सं0 525/24 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना कोतवाली सदर

मु0अ0सं0 398/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली सदर

मु0अ0सं0 399/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली सदर

मु0अ0सं0 127/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना दही उन्नाव

मु0अ0सं0 400/25 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस थाना कोतवाली सदर

## गिरफ्तार करने वाली टीम-

प्र0नि0 श्री अवनीश कुमार सिंह थाना कोतवाली सदर उन्नाव

उ0नि0 अंजनी सिंह  चौकी प्रभारी अस्पताल

हे0का0 जितेन्द्र कुमार

का0 अर्पित चौधरी

का0 लोकेन्द्र यादव

का0 रामकुमार

